6 साल बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

मासिक
कुमावत इंडिया
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-7 | अंक-11 जून-2024 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00

WORLD POPULATION DAY



DPS AJMER

Sr. Sec. School

Tabiji Farm Road, Ajmer

ESTABLISHING

The Right Environment

We believe in building a modern culture using both traditional & next-generation tools. So, your child's natural talents can blossom.

SHASHI PAL KUMAWAT
Chairman

Our Activities

Archery & International
Level Shooting Range

Swimming Pool
"DPS Wave Pulse"

Horse Riding Club
Won Laurels at the National Level

Skating Rink

Karate Club
We have won Karate Championship at District, State & National Level.

Art & Craft

Tabiji Farm Road, Near D.D. Puram, Beawar Road, Ajmer

Web: www.dpsajmer.in E-Mail: info@dpsajmer.in

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

संरक्षक	:	जयकिशन सोकिल	**मो. 9829125428**
अध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	**मो. 9887440666**
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	**मो. 9414074376**
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	**मो. 9414810584**
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	**मो. 9549656438**
सदस्य ट्रस्टी	:	सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	**मो. 9829056063**
		रमेश कुमावत (गेदर)	**मो. 9414554322**
		चेतन बालोदिया	**मो. 9414052736**
		मोहन लाल कुमावत	**मो. 9887557425**
मुख्य सलाहकार	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	**मो. 9414994006**
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	**मो. 9414263429**

सम्पादक मण्डल : रमेश चन्द कुमावत (गैदर) सम्पादक -9414554322, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, मनीष कुमावत 9660702083, रमेश तोंदवाल 9460870125 रवि कुमावत 9829600411, लक्ष्मीनारायण सिरस्वा 9829791846, उर्वशी बालोदिया 9351680888, प्रिया मारवाल 9408093778 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया, मुकेश कारगवाल 9828606056 व राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493,** रवि बेडवाल **मो. 8290303003 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645 किशनगढ़ :** प्रभुदयाल तुनगरिया **9680931428**

प्रोसेसिंग व मुद्रक : राज ब्लॉक्स, चौड़ा रास्ता व 22 गोदाम, जयपुर

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित, सम्पादक रमेश चंद कुमावत।

सम्पादकीय

वर्ष 2024 के मई-जून माह में झुलसती गर्मी और नौतपा ने सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। उत्तरी-पश्चिमी भारत के हिस्सों में 47 डिग्री से अधिक तापमान की प्रचंडता ने जहां लोगों को घरों के अन्दर रहने को मजबूर कर दिया वहीं पशु-पक्षियों तथा पेड़-पौधों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। रोजाना पानी देने के बावजूद पौधों की पत्तियां झुलसकर काली हो गयी। वहीं घरों में पानी की उपलब्ध में कमी ने आम लोगों को प्राइवेट टैंकरों से पानी मंगवाने को मजबूर होना पड़ा। इससे उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक भार पड़ा। आखिर यह स्थिति क्यों आई ? इसके जिम्मेदार हम सभी हैं।

कारण है, दिनों दिन पेड़ों की कटाई, कंकरीट के पहाड़ (आवासीय, व्यावसायिक व औद्योगिक तथा सड़के) पानी का अत्यधिक दोहन करना तथा वाटर हार्वेस्टिंग पर ध्यान नहीं देना। जल स्रोतों के मार्ग को अवरुद्ध करने से तालाबों व बांधों में पानी की आवक को रोकना। वृक्षारोपण पर ध्यान नहीं देना और लगाये गये वृक्षों पर उचित संभाल नहीं करना।

इस बार गर्मी में पखें बेअसर रहे, कूलर ने थोड़ी राहत दी परन्तु गर्मी से छटपटाअट में फिर भी कमी नहीं आई। ए.सी. भी 45 डिग्री से अधिक गर्मी पर फेल हो गये। अत: हमें समस्या की जड़ को समझकर प्रकृति से संतुलन बनाने पर कार्य करना होगा। यह तापमान आगे के सालों में भी जल्द राहत देने वाला नहीं है बल्की समस्या विकट होने की सम्भावना है। जब तक बारिश की एक-एक बूंद को नहीं सहेजा जाएगा तब तक धरती तृप्त नहीं होगी और तपन कम नहीं होगी तो धरती में नमी नहीं होगी। इससे धरती वनस्पति से आच्छांदित कैसे हो पायेगी ?

हमारा समाज, भवन निर्माण कार्य में सदियों से दक्ष रहा है, पहले के बने घर व महलों को देखें तो वे आज भी ठण्डे रहते हैं। इनका अध्ययन करके हमें ऐसे घर डिजाइन करने होंगे जिनमें तापमान का कम प्रभाव हो। इससे जहां इनमें रहने वाले सर्दी-गर्मी के मौसम में राहत महसूस करेंगे वहीं कूलर व ए.सी. की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे बिजली/ऊर्जा की बचत भी होगी तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़ेगा। यदि हम ऐसा करने में समर्थ हो पाये तो भवन निर्माण व्यवस्था में कुमावत समाज फिर से उच्चतर स्थिति को प्राप्त कर पायेगा।

शीघ्र वर्षाकाल आने को है, हम सभी ध्यान दें कि घर, ऑफिस, खेत आदि में या आसपास जहां वृक्षारोपण किया जा सकता है, अवश्य करें तथा पेड़-पौधे जीवत कैसे रखे इसका भी ध्यान दें। यदि हम सभी ऐसा कर पाये तो इस धरती को फिर से शीघ्र हरीभरी बना पायेंगे।

-रमेश चन्द्र कुमावत

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
आर्टिस्ट माधव दास बालोदिया	5
'हमारा राजस्थान सक्षम राजस्थान' के एपिसोड में आर्टिस्ट पृथ्वीराज	5
जयकिशन सोकिल अध्यक्ष के.एल. कुमावत महामंत्री मनोनीत	5
मनोहरलाल कुमावत का निधन पत्रकारिता जगत व समाज के लिए क्षति	6
श्री विद्याधर मोरवाल का निधन, श्री द्वारका कुमावत का निधन	6
विश्व संगीत दिवस पर सजी गीतों भरी शाम 'गीत मेरे मीत'	7
हनुमान सहाय कुमावत अध्यक्ष व कमलेश कुमावत सचिव बने	7
संत गरवाजी का मेला 30 जून को	7
सर्वकुमावत क्षत्रिय महासभा, स्मारिका का होगा प्रकाशन	7
भंदे के बालाजी मेले में की नींबू शिंकजी व पीने के पानी की सेवा	8
स्वामिनी सेवा संस्था ने राहगीरों उपलब्ध कराया ठंडा जल	8
आमरस वितरण कर मनाया जन्मदिवस	8
नि:शुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया	8
आधुनिक शिक्षा का संस्कारविहीन रूप !	9
ब्यावर में कैरियर गाइडेंस शिविर आयोजित	9
क्षमा में प्रतिशोध तोड़ने की शक्ति	10
लोकदेवता गोगाजी	11
परिवार : एक परिचर्चा	12
उदारता	13
व्यापार-उद्योग में दृष्टिकोण परिवर्तन	14
26वाँ पाटोत्सव धूमधाम से मनाया	14
देवास में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न	15
संदीप चंगेडीया नगर पालिका एवं नगर परिषद कल्याण संघ अध्यक्ष नियुक्त	15
गोतमपुरा कुमावत समाज चारभुजानाथ मंदिर कार्यकारिणी घोषित	15
कक्षा 10वीं व 12 वी के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं	16-18
डायमंड स्कूल आसलपुर ने विद्यार्थियों का सम्मान किया	18
रूड़मल कारगवाल विवाह समिति अध्यक्ष निर्वाचित	18
बच्चों में कृमि संक्रमण	19
साइबर ठगी से बचने के लिए आधार बायोमेट्रिक को लॉक करे	19
सरकोपीनिया (Sarcopenia)	20
लामियाँ सरपंच मामले ने पकड़ा तूल	20
मृतक की पत्नी को नॉमिनी मानते हुए जारी किया उत्तराधिकार प्रमाणपत्र	21
भू-जल संचयन के लिए 'वाटर फिल्टर'	21
सामाजिक ढांचे का मूल आधार महिला सुरक्षा	22
विश्व जनसंख्या दिवस: चुनौतियाँ और अवसर	23
राबड़ी दिवस	23
विशिष्ठ संरक्षक सूची व श्रद्धांजलि	24
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
कुमावत समाज विकास समिति, तहसील किशनगढ़-रेनवाल द्वारा प्रेषित सूची	26
अकिंचन जी महाराज को सम्मान-पत्र	27
धमाणिया परिवार का उज्जैन धर्मशाला में दो कमरों का निर्माण करने पर सम्मान	27
लक्ष्मीनारायण घोड़ीवाल पेंशन समाज कोषाध्यक्ष मनोनीत	27
वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग के लिए पवन कुमार का हुआ चयन	27
श्रद्धांजलि विज्ञापन	28,30
बधाई एवं वैवाहिक विज्ञापन	29

वैवाहिक

Nishtha Nandiwal

Date of Birth : 27th July 1996 **Height:** 5'2"

Qualification : B.A. L.L.B; L.L.M. (In Business Law from Bharati Vidyapeeth Deemed University).

Occupation : Project Manager, Minus Dispute Legal Strategists, Pune
Currently working as a Team Lead in Professional Services and Contracts at Icertis Solutions, Pune

Gotra : **Self** – Nandiwal **Maternal** – Ambere
Dadi – Machiwal **Nani** – Behere

Family Profile

Grandfather : (Late) Shri Gopal Singh Nandiwal
Occupation : Retired Chief Town Planner, Government of Rajasthan.
Father : Ummed Singh Nandiwal
Occupation : Retired Chief Architect P.W.D. Jaipur, Rajasthan
Mother : Sunita Nandiwal
Occupation : Interior Designer
Brother : Praagya Nandiwal
Education : Pursuing Bachelors in Music, Performance and Production from Vijaybhoomi University, Karjat (Mumbai), Maharashtra
Contact No. : 9887556760 (Father); 7568240360 (Mother)

प्रतिष्ठान : वास्तुकृति आर्किटेक्ट्स
542-543, उदयपथ, श्याम नगर, सोडाला, जयपुर, फोन : 0141-2291995, 9887556760

आर्टिस्ट माधव दास बालोदिया

आदर्शनगर, तिवाड़ी जी का बाग, जयपुर में वर्ष 1952 में श्री फूलचन्द बालोदिया के परिवार में कच्ची झोंपड़ी में माधव दास का जन्म हुआ। इनके पिताजी सब्जी मण्डी में पान-बीड़ी-तम्बाकू की दुकान करते थे। इनके दादाजी श्री मोतीराम बालोदिया स्वेजफार्म, जयपुर में तम्बाकू की खेती किया करते थे। छोटी सी दुकान होने पर भी इनके पिता ने अपनी 10 संतानों को पढ़ा-लिखाकर योग्य बनाया।

माधव दास जी की रुचि बचपन से ही चित्रकला में थी। इन्होंने 10वीं-11वीं कक्षा तक अध्ययन करते हुए चित्र बनाना व दुकानों पर कलात्मक तरीके से नापपट्ट लिखना सीख लिया था साथ ही अध्ययन जारी रखा और कॉलेज की पढ़ाई भी की। किन्तु सिनेमा के उम्दा पोस्टर बनाने के शौक के कारण इनकी पढ़ाई छूट गई। इनकी पेंटिंग में रुचि के कारण ये दिल्ली व मुम्बई जाकर वहाँ 2-3 वर्ष इसकी बारीकियां सीखी। इसके बाद आप विवाह बंधन में बंध गये। जयपुर रहकर आपने विज्ञापन कम्पनियों के होर्डिंग व सिनेमा के पोस्टर बनाकर राजस्थान में अपनी अलग पहचान बनाई। तब ऐसे आर्टिस्ट चंद ही हुआ करते थे।

1982 में जयपुर में आई बाढ़ ने इनका वर्कशॉप व घर का एक हिस्सा तहस-नहस कर दिया तो भी इन्होंने हार नहीं मानी और राजस्थान के अनेक शहरों में जाकर होर्डिंग बनाते रहे। वर्ष 1986 में पुन: वर्कशॉप प्रारम्भ किया। इनके 3 पुत्र : विजय, अजय व संजय तथा पुत्री जया (सभी विवाहित) हैं। तीनों पुत्र सौम्य व्यवहार के हैं तथा आपके व्यवसाय में सहयोग कर रहे हैं। साथ ही समारोह में स्टेज शो सेटअप बनाने, इवेन्ट डेकोरेशन तथा फ्लेक्स प्रिंटिंग का कार्य भी अच्छे स्तर पर करके प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

आप पिछले 8 वर्षों से अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में सेवा भारती, आदर्श नगर जयपुर से जुड़कर नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर लगा रहे हैं। आप माँ वैष्णो देवी पदयात्रा समिति से अनेक वर्षों से जुड़े हुए हैं तथा प्रचार कार्य तथा रथरूपी मंदिर बनाकर प्रतिवर्ष यात्रा भिजवाते हैं। ये 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के विशिष्ट संरक्षक सदस्य हैं। ये सामाजिक एवं मानवीय कार्यों में अपना योगदान देने को सदैव तत्पर रहते हैं। एक अच्छे आर्टिस्ट व समाजसेवी के रूप में श्री माधव दास बालोदिया ने कुमावत समाज का नाम रोशन किया है। इस प्रतिभावान शख्सियत के कार्यों की प्रशंसा करते हुए **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका परिवार श्री माधव दास बालोदिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

'हमारा राजस्थान सक्षम राजस्थान' के एपिसोड में आर्टिस्ट पृथ्वीराज

रविवार 9 जून 2024 को प्रसारित 'हमारा राजस्थान सक्षम राजस्थान' के एपिसोड में आर्टिस्ट पृथ्वीराज ने भी प्रस्तुती दी। जयपुर की प्रसिद्ध शिल्पकलाओं में जेमस्टोन कार्विंग की अलग ही पहचान है, इस पारम्परिक कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले कलाकारों में एक नाम आर्टिस्ट पृथ्वी राज कुमावत का भी है।

आप इस अद्भभुत आर्ट के द्वारा जयपुर की समृद्ध कला और संस्कृति को दुनिया भर में प्रमोट कर रहे हैं। आपके द्वारा बनाये गए जेमस्टोन कार्विंग की कलाकृतियों में पारंपरिक शिल्प की गहरी समझ और आधुनिक डिज़ाइन का अनूठा संगम देखने को मिलता है, जो न सिर्फ कला के प्रति इनके समर्पण को दर्शाती है, बल्कि जयपुर की प्रतिष्ठित जेमस्टोन कार्विंग की धरोहर को भी सजीव बनाए रखती है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से आर्टिस्ट पृथ्वीराज कुमावत को बधाई व शुभकामनाए।

जयकिशन सोकिल अध्यक्ष के.एल. कुमावत महामंत्री मनोनीत

चौमूं। कुमावत समाज विकास संस्थान की आमसभा 9 जून 2024 को प्रभातीलाल मामोडिया की अध्यक्षता में हुई। आम सभा में कार्यकारिणी तथा सदस्यों का सम्मान किया गया तथा सामुहिक विवाह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर श्री जयकिशन सोकल (समाजसेवी) अध्यक्ष, कन्हैयालाल तूंदवाल महामंत्री, श्यामलाल उपाध्यक्ष तथा श्री कृष्ण कुमावत कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गये तथा उन्हें शपथ दिलाई गई।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री जयकिशन सोकिल व नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई।

मनोहरलाल कुमावत का निधन पत्रकारिता जगत व समाज के लिए अपूरणीय क्षति

सामाजिक व साहित्यिक परिवेश को अपने लेखन से समृद्ध करने वाले लेखक व पत्रकार मनोहर लाल कुमावत का दिल का दौरा पड़ने से 4 जून को निधन हो गया। मनोहर लाल कुमावत 'कुमावत जागृति' पत्रिका, उज्जैन के प्रधान सम्पादक थे। मनोहर लाल कुमावत ने पत्रकारिता के लिए कई मापदंड तय किए थे। विशेषकर कुमावत समाज की पत्रकारिता में उनका विशेष योगदान रहा। उनके निधन से कुमावत समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। मनोहरलाल कुमावत पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहे। उनके इस योगदान के लिए उनको हमेशा याद किया जायेगा। मनोहर लाल कुमावत बहुत ही सहज व सरल इंसान थे। चाहे पत्रकारिता की बात हो या फिर समाज के उत्थान की। वे सक्रिय भूमिका निभाते थे।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका, जयपुर के अध्यक्ष रामप्रकाश मारोठिया ने कहा कि मनोहरलाल जी के असामयिक निधन से मुझे गहरा आघात पहुंचा है। उनका यूं चले जाना पत्रकारिता व समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। सम्पादक रमेश गैदर ने कहा कि मनोहरलाल जी स्वतंत्र एवं सटीक लेखन में विश्वास करने वाले पत्रकार थे। उन्होंने सदैव कुमावत समाज के हित में अपनी लेखनी को अन्त समय तक विराम नहीं दिया। सह सम्पादक जयसिंह गुडीवाल ने कहा कि उनके निधन की खबर से मैं स्तब्ध हूं। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। समाज ने एक प्रतिभाशाली पत्रकार को खो दिया है। किन्तु उनकी लेखनी सदैव पत्रकारों को प्रेरित करती रहेगी।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार ने श्री मनोहरलाल कुमावत को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि वे इन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देवें।

श्री विद्याधर मोरवाल का निधन

श्री विद्याधर नथमल मोरवाल निवासी अंधेरी, मुम्बई (मूल निवास झुंझुनूं) का 12 जून, 2024 की रात्री को असामयिक निधन हो गया। इनके निधन से कुमावत समाज मुम्बई, झुंझुनूं, उदयपुर आदि स्थानों पर शोक की लहर व्याप्त हो गई।

आप मुम्बई कुमावत समाज के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं तथा इनके कार्यकाल में अनेक सामाजिक गतिविधियां हुई तथा समाज के अनेक गणमान्य लोग संस्था से जुड़े थे। ये सौम्य स्वभाव तथा मृदु व्यवहार के थे तथा अपने व्यवसाय में भी दक्ष थे। इनके निधन से समाज में जो रिक्तता आई है उसे भरना सम्भव नहीं है। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार को इनके निधन से दु:ख हुआ है तथा इन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।

श्री द्वारका कुमावत

13 जून 2024 को श्री द्वारका कुमावत का निधन हो गया। ये कुमावत समाज, कोटा के पूर्व अध्यक्ष थे तथा सामाजिक कार्यों में सदैव आगे रहते थे। ये लम्बे समय से जयपुर में पत्थर का व्यवसाय कर रहे थे। कैंसर रोग ने इन्हें हमसे छीन लिया। इनके जाने से समाज में जो शून्यता आयी है उसे नहीं भरा जा सकेगा।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार श्री द्वारका कुमावत को श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे।

श्रद्धांजलि
10वीं पुण्यतिथि
28.06.2024
स्व. डॉ. देवीलाल वर्मा (हान्या)
हम सब परिवारजन अश्रुपुरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

स्व. 20.06.2014

श्रद्धान्वत :
धर्मपत्नी : श्रीमती श्यामा देवी - 99295 88490
पुत्र - पुत्रवधु : डॉ. भूपेश डी. वर्मा (व्याख्याता राज. महाविद्यालय, शिवगंज) 9829014178 - सुनीता वर्मा
धीरज वर्मा (पुलिस निरीक्षक, राजस्थान पुलिस) 9929442200 - मंजू वर्मा
डॉ. नीलकमल वर्मा 9672982592 (जैनपेक्ट, जयपुर) - निशा वर्मा
पुत्री - दामाद : दीपा - सुरेन्द्र कुमावत (प्रशासनिक अधिकारी, एल.आई.सी.)
भतीजे : ओमप्रकाश, मनीष, विजय कुमार, गजेन्द्र
पौत्रियाँ : डीमियाँ, कोनिया, निकिता, गर्विता, दीपिता
पौत्र : लोवेश, दोहित्री : जूही

निवास : 72, एस.बी. विहार, गली नं. 5, महिमा अपार्टमेंट्स के पास,
न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर - 302 019

विज्ञापन

विश्व संगीत दिवस पर सजी गीतों भरी शाम 'गीत मेरे मीत'

जयपुर। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर नारायण सिंह सर्किल स्थित प्रेस क्लब में गीतों भरी शाम 'गीत मेरे मीत' गीत-संगीत के रस से गुलजार हो उठा। मंजरी फाउण्डेशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत, सुनील नाटाणी, रेशमा खान, अमला बत्रा, डॉ. अरुण कसुंबीवाल, कृष्ण कन्हैया मीणा, अजय गुप्ता व उम्मेद सिंह नांदीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं का सम्मान भी किया गया। मंच संचालन प्रियंका कुमावत ने किया।

रश्मि बालोदिया के 'आज कल पांव जमीं पर.....', मोहन कुमार बालोदिया के 'रोते हुए आतें हैं सब...', सुनीता नांदीवाल के 'मैं तो तुम संग...' व वर्षा विजय के 'ये दिल और उनकी ...' गानों की प्रस्तुति ने माहौल में मिठास घोल दी। साथ ही डा. सुरभि चंदानी के 'प्यार हुआ चुपके से....', भारत ओझा के 'नीले-नीले अंबर', मनीषा जैन के 'जीवन के दिन...', विशाल शर्मा के 'ऐ जिंदगी गले लगा ले...', बेला माथुर के 'चलो सजना', अंशुमन शर्मा के 'चांद सी महबूबा हो...' के प्रभावी गायन से गुजरे जमाने की इस गीतमाला को सार्थक कर दिया। ऑक्टोपैड पर दुर्गेश बालोदिया, गिटार पर अंशु सक्सैना व ढोलक पर महेन्द्र शर्मा ने गीतों की धुनों के जादू को जीवंत किया। आदित्य सोडा ने की बोर्ड, आशीष कुमार ने तबला वाद्यवृद में भरपूर साथ दिया।

हनुमान सहाय कुमावत अध्यक्ष व कमलेश कुमावत सचिव बने

तेज विहार व तेजा विहार ए विकास समिति, गोविंदपुरा निवारू लिंक रोड की आम सभा संपन्न हुई।

जिसमें सर्वसम्मति से हनुमान सहाय कुमावत अध्यक्ष, कमलेश कुमावत सचिव, प्रेमदास वर्मा कोषाध्यक्ष व रमेश कुमावत उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही अशोक कुमावत, लक्ष्मी नारायण कुमावत, नानुराम कुमावत, संजीव कुमावत, कजोड़मल कुमावत को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर चुना गया। 'कुमावत इंडिया पत्रिका' की ओर से सभी पदाधिकारी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

संत गरवाजी का मेला 30 जून को



कुमावत जाति के संस्थापक संत श्री गरवाजी की पुण्यतिथि पर वार्षिक मेला 30 जून को उनकी समाधी स्थल लौद्रवा जैसलमेर में आयोजित होगा। यह जानकारी अखिल भारतीय कुमावत संत श्री गरवाजी सेवा समिति के अध्यक्ष राजूराम बग ने दी। कुमावत समाज के संस्थापक संत श्री गरवाजी महाराज का जन्म भिडकमल भाटी परिवार में हुआ था। उनको यौवन अवस्था में वैराग्य उत्पन होने से उन्होनें गृह त्याग कर संत बने तथा उन्होनें तत्कालीन समय में समाज में व्याप्त कुरीतियों का जोरदार खण्डन करते हुए पुर्नविवाह अपनाने के लिए अपने शिष्यों को राजी कर एक नई कुमावत जाति की स्थापना की। इनकी समाधी लौद्रवा जैसलमेर में है। उनकी स्मृति में हर वर्ष की भांति इस बार 30 जून को मेले का आयोजन किया जाएगा तथा 1 जुलाई को भण्डारा होगा। इसमें प्रतिवर्ष हजारों कुमावत जन सम्मिलित होते हैं।

सर्वकुमावत क्षत्रिय महासभा

स्मारिका का होगा प्रकाशन

सर्वकुमावत क्षत्रिय महसभा (रजि.) जयपुर एक स्मारिका प्रकाशित करने जा रही है, इसका प्रकाशन करने के लिए मुझे (लक्ष्मीनारायण घोड़ेवाील) को मनोनीत किया गया है। स्मारिका में लेख, कविताएं, समाज की सम्पत्तियों का विवरण, राजनैतिक व सामाजिक नेतृत्व का परिचय नि:शुल्क प्रकाशित किया जाएगा। लेखन सामग्री व विज्ञापन 1 अगस्त, 2024 तक भेजे जा सकते हैं। विज्ञापन का शुल्क कवर पेजों का रु. 25,000, अंदर के पेजों का रु. 3100, आधा पेज रु. 2100, चौथाई पेज रु. 1100 तथा पट्टिका रु. 500 रखा गया है। विज्ञापन शुल्क सर्वकुमावत क्षत्रिय महासभा के बैंक खाता संख्या 21600100025106 बैंक ऑफ बड़ौदा, नेहरू प्लेस टोंक रोड, जयपुर IFSC Code : BARBONESHJAI में जमा कराकर विज्ञापन सामग्री संस्था को UTR नं. के साथ भिजवाने हेतु कहा गया है। प्रकाशित स्मारिका का विमोचन 15 सितम्बर, 2024 को अधिवेशन में किया जाएगा।

– लक्ष्मीनारायण घोड़ीवाल, मो. 9549656438

भंदे के बालाजी मेले में की नींबू शिंकजी व पीने के पानी की सेवा

भंदे के बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय मेला बड़ी धूमधाम से लगा। ओम एज्युकेशनल ग्रुप के निदेशक कैलाश चंद कुमावत ने बताया कि मेले में आने वाले भक्तों को पानी की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए नींबू शिंकजी व जल सेवा की है। जल ही जीवन है, जल के बिना कुछ नहीं है। इस कार्य में हमारें युवा साथियों को अधिक योगदान रहा।

भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत ने कहा कि जल सेवा ही वास्तव में मानवता की सेवा है और इसे हमें पूरे सेवा भाव से करना चाहिए। इस तरह के आयोजन से हर व्यक्ति के अंदर सेवा करने की भावना पैदा होती है। प्रशासन अकेला कुछ नहीं कर सकता है। जब तक कि इसमें आम लोगों की सहभागिता न हो। इस अवसर पर रोहिणी कुमावत, जयसिंह गुडीवाल, संदीप कुमावत, जुगल किशोर, ओमप्रकाश, महेश, रितेश कुमावत, दीपक बड़ीवाल ने उपस्थित होकर जल सेवा दी।

स्वामिनी सेवा संस्था ने राहगीरों उपलब्ध कराया ठंडा जल

इन दिनों तापमान 45 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। गर्मी व लू से जीवन अस्त व्यस्त है। तपती दोपहर में अगर पानी मिल जाए तो लगता है कि मानो नया जीवन मिल गया है। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमावत ने बताया कि शहर में सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था न होने के कारण संस्था पानी की ठंडी बोतलों द्वारा लोगों की प्यास बुझा रही है। भीषण गर्मी में राहगीरों

को पानी उपलब्ध कराकर स्वामिनी सेवा संस्था सच्ची मानव सेवा कर रही हैं।

जमीनी धरातल पर हमेशा स्वामिनी सेवा संस्था इस तरीके की मुहिम को आगे बढ़ाती है जो संस्था को अलग बनाती है कार्यक्रम को सफल बनाने में गोविन्द कुमावत, महेन्द्र कुमावत, गुरूदयाल कुमावत, रामअवतार कुमावत कैलाश कुमावत, हेमन्त गुप्ता लालचन्द्र शर्मा की महत्वपूण भूमिका है।

आमरस वितरण कर मनाया जन्मदिवस

अक्सर आपने देखा होगा कि जन्मदिन के मौके पर लोग केक काटते हैं, फूल-माला, पुष्पगुच्छ देकर बधाई देते हैं व बड़े बड़े होटलों में पार्टी का आयोजन करते है। बदले जमाने के साथ आजकल जन्मदिवस भी अलग अंदाज में मनाया जाने लगा है। जयपुर के बनीपार्क में रहने वाले सत्यनारायण कुमावत रिटायर्ड एडिशनल एस.पी. ने अपने जन्मदिवस को अंनूठे अंदाज में मनाया। कुमावत ने 2 जून जन्मदिन के अवसर पर भीषण गर्मी से मरीजों, परिजनों व राहगीरों को राहत पहुंचाने को लेकर एसएमएस हॉस्पिटल के बाहर आमरस का वितरण किया। इस दौरान सैंकडों मरीजो, परिजनों व राहगीरों ने आमरस

का आनंद लिया तथा कुमावत परिवार के सदस्यों को धन्यवाद दिया। कुमावत अपनी पोती अनुकृति की याद में जरूरतमंदों को सामग्री का वितरण करते है, ताकि जरूरतमंदों की दिक्कतें दूर हों। इस परिवार के द्वारा की गए नवाचार की चंहु ओर प्रशंसा हो रही है। आसीवाल परिवार जन्मदिन अथवा अनेकों अवसर पर सेवा भाव के कार्य करते रहते हैं।

इस अवसर पर राकेश आसीवाल, मीना कुमावत, जयसिंह कुमावत, संदीप कुमावत, उषा कुमावत, राकेश सोनी, पंकज सिरोहिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

नि:शुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया

सेवा भारती आदर्श नगर इकाई के सहयोग से माधव दास बालोदिया (आर्टिस्ट माधव) द्वारा अपने स्व. माता - पिता श्री फूलचन्द बालोदिया व श्रीमती फूला देवी पुण्य स्मृति में 2 जून 2024 को श्रीकृष्ण मन्दिर, 20 दुकान आदर्श नगर, जयपुर में नि:शुल्क नेत्र जाँच व लैंस प्रत्यारोपण एवं स्वास्थ्य जाँच और तम्बाकू मुक्ति हेतु शिविर लगाया गया ।

शिविर में नेत्र जाँच (लैंस प्रत्यारोपण), सामान्य रोग, सुजोक-एक्यूप्रेशर आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, दन्त रोग, तम्बाकू छोड़ना बॉडी मॉस इन्डेक्स (BMI) की जाँच व उपचार परामर्श दिया गया एवं आवश्यक दवाईयाँ भी वितरण की गई। शिविर में अनुभवी व विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 485 मरीजों को चिकित्सा सेवा व परामर्श सेवायें प्रदान की।

आधुनिक शिक्षा का संस्कारविहीन रूप !

शिक्षा एक शक्ति है। और यह शक्ति है जीवन संवाहिका। जिस शिक्षा से खुशी तथा शान्तिपूर्ण जीने की परिपुष्टि न होती है, वह क्या है। कहा नहीं जा सकता! प्रश्न खड़ा होता है- 'यह कैसी शिक्षा है जो चारों ओर फैली हुई दीनता की त्राहि-त्राहि की पुकार सुनने योग्य भी नहीं बनाती ? वह शिक्षा, शिक्षा नहीं है जो संवेदनशून्य व निष्क्रिय बना दे।' विडम्बना यह है कि आये दिन शिक्षित युवाओं द्वारा जिन कारनामों को अंजाम दिया जा रहा है, वे चौंकाने वाले हैं। और तब प्रतीत होता है कि हमारी शिक्षा संस्कारविहीन है। सुसंस्कारों के अभाव में मानवीय मूल्य समाधिस्थ हो चले हैं।

शिक्षा, **सत्यं-शिवं-सुन्दरम्** का मूर्त रूप है। शिक्षा में शिवं तत्त्व की अनुपस्थिति उसे 'शव' बना देती है। और यह 'शव' निस्सारता का परिचायक है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि समस्त ज्ञान का लक्ष्य, चरित्र निर्माण होना चाहिए। चरित्र के बिना शिक्षा तथा पवित्रता के बिना चरित्र, व्यर्थ है। कोरा ज्ञान वैसा ही है जैसा सुगंधित बनाया गया मुर्दा। कहना न होगा कि ज्ञान वही सिद्ध है, जिससे मानव का हित हो। कष्टों को बढ़ाने वाला ज्ञान, मानवीय मूल्यों से रहित एवं विवेकहीन है। मानव-व्यवहार के धरातल पर सत्य, अहिंसा, प्रेम, सहिष्णुता, नैतिकता, शील, सदाचरण तथा लोक मंगल की भावना का समेकन मानवीय मूल्यों को परिभाषित करते हैं। नि:संदेह ये ही जीवन-मूल्य अध्यात्म से जुड़कर विश्व-पटल पर मानवता के संवाहक बनते हैं जो अन्तत: विश्वबंधुत्व के पोषक सिद्ध होते हैं।

समझ में आता है कि जिस मनोभूमि पर आज नवयुवक विचरण कर रहा है तथा प्रगतिशील होने का दावा ठोक रहा है, उसकी मनोवृत्ति को पलटना सहज नहीं, अति दुस्तर कार्य है। कारण स्पष्ट है कि अति बौद्धिकता, स्वच्छंदता तथा अश्लीलता के आवरण ने हमें विवेकहीन बना दिया है, उससे छुटकारा दिलाना शिक्षा में किया जाने वाला कोई भगीरथ प्रयत्न ही हो सकता है। जिन्हें अपनी जन्म भूमि से ही घृणा है, उन युवकों पर इन स्वरों का क्या प्रभाव पड़ेगा, जाना जा सकता है।

सत्य तो यह है कि दुर्गति से निपटने के लिए हमें गंभीरतापूर्वक पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। हम कौन थे, क्या हो गये हैं, और क्या होंगे ? अभी पाश्चात्य देशों और भारतीय मूल्यों में आकाश-पाताल का अन्तर है। यह अन्तर सिर्फ और सिर्फ दार्शनिक विचारधारा को लेकर है। 'व्यक्ति' की प्रगति से सम्बंध व विचारधारा का तालमेल उस उदात्त सदाशयता से कैसे बैठेगा जो '**वसुधैव कुटुम्बकम्**' से अभिमंत्रित है। इस रूप में शिक्षा संस्कारों की जननी है तथा ये सुसंस्कार ही शिक्षा द्वारा प्रदत्त 'मानवीय मूल्य' हैं। जहां शाश्वत सुसंस्कार पलते हैं, उन्हीं शिक्षालयों में इंसान ढलते हैं। ये इंसान ही सत्य, अहिंसा, प्रेम, सहानुभूति, संवेदना, क्षमा, दया आदि मूल्यों को लेकर चलते हैं। हमारे शैक्षिक विषयों में शाश्वत जीवन मूल्यों का सर्वथा लोप नहीं है, किन्तु, शिक्षण के समय विषयगत ज्ञान की प्रधानता ही रहती है। इससे, इन मानवीय मूल्यों की उपस्थिति गौण हो जाती है। यथार्थत: इन मानवीय मूल्यों का मूल्यांकन से भी सीधा सम्बन्ध नहीं है। अत: प्रश्न-पत्र सर्वप्रकारेण मूल्यों की उपेक्षा करता हुआ मौन बना रहता है ।

मुकेश कुमावत बोराज
मो. 8385000205

ब्यावर में कैरियर गाइडेंस शिविर आयोजित

9 जून। ब्यावर। कुमावत समाज ने केरियर गाइडेंस शिविर का आयोजन किया, जिसमें लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विविध विषयों के विशेषज्ञों से कैरियर गाइडेंस (सलाह) ली। शिविर में शिक्षाविद् व साहित्यकार मोहन राजेश मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि बच्चों की रुचि व क्षमता दोनों ध्यान रखकर अभिभावक उन्हें विषय दिलावें। पीएमओ डॉ. लोकेश कुमावत ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से केरियर गाइडेंस एक अच्छा प्रयास है, यह बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन देता है। सेवानिवृत्त अभियंता यादवराज देवतवाल ने स्वामी विवेकानन्द ने उद्‌बोधन से बच्चों को प्रेरित कर कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव जागरूक रहें और परिश्रम करें।

शिविर में 10वीं व 12वीं के बच्चे अपने अभिभावकों सहित बैठे तथा बैंकिंग, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, सीए, सीएस, शिक्षा, व्यापार, उद्योग व कला के विशेषज्ञों से परामर्श किया। शिविर में डॉ. सुनील कुमावत, डॉ. अमित कुमावत, इंजीनियर संतोष, डॉ. वंशिका, एडवोकेट महेन्द्र कुमावत, प्रकाश कुमावत, अजिता कुमावत, छोटू लाल घोड़ेला, भूपेन्द्र खाटूवाल, रोशन मारवाल दिनेश चांदोरा, हेमन्त नोखवाल, जगदीश देवतवाल, हेमन्त जलान्धरा, राजेश दम्बीवाल, सत्यनारायण बबेरीवाल ने मार्गदर्शन दिया। शिविर में नवयुवक मण्डल, महिला मण्डल तथा समाज के गणमान्य लोगों की भागीदारी व व्यवस्था रही। कार्यक्रम का संचालन रवि बेड़वाल ने किया। वह शिविर बच्चों को भविष्य संवारने में मदद करेगा।

क्षमा में प्रतिशोध तोड़ने की शक्ति

क्षमा धर्म है, क्षमा यज्ञ है, क्षमा वेद है और क्षमा शास्त्र है। जो इस प्रकार जानता है, वह सब कुछ क्षमा करने योग्य हो जाता है।

7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जावेगा, इसका उद्देश्य है अपनो से मतभेदों को दूर करना। 'क्षमा' सम्बन्धों के लिए उपचार शक्ति है। यह दिवस व्यक्तिगत स्थास्थ्य के एक तत्व के रूप में क्षमा को प्रोत्साहन करने के लिए मनाया जाता है।

इस दिन हम अपने लोगों की गलतियों को भुलाकर नई शुरुआत कर सकते हैं। यह रिश्तों को ठीक करने का मौका है तथा आपसी द्वेष, नाराजगी और क्रोध को दूर किया जाकर आपसी कड़वाहट को मिटाया जा सकता है। इससे तनाव व अवसाद में कमी आती है। क्षमा के सम्बन्ध में विद्वजनों के कथन इस प्रकार हैं-

- क्षमा वीरस्य आभुषणम्।
- क्षमा कर देना वीरों का श्रृंगार है।
- क्षमा प्रेम का ही एक रूप है।
- क्षमा बड़न को चाहिये, छोटन को उत्पात। कह रहीम हरि का घट्यो, जो भृगु मारी लात। **-रहीम दास जी**
- कमजोर कभी क्षमा नहीं कर सकते। क्षमा ताकतवर की निशानी है। **- महात्मा गांधी**
- क्षमावानों के लिए यह लोक है। क्षमावानों के लिए ही परलोक है। क्षमाशील पुरुष इस जगत में सम्मान और परलोक में उत्तम गति पाते हैं। **-वेद व्यास**
- भली-भली सब कहे, रही क्षमा ठहराया। कहे कबीर शीतल भया, क्षमा जो आग बुझाय। **-कबीर दास जी**
- क्षमा पर मनुष्य का अधिकार है, वह पशु के पास नहीं मिलती। **-महाकवि जयशंकर प्रसाद**
- इस जगत में क्षमा वशीकरण रूप है। भला क्षमा से क्या नहीं सिद्ध होता? जिसके हाथ में शांतिरूपी तलवार है, उसका दुष्ट पुरुष भी कुछ नहीं बिगाड़ सकते। **- विदुर नीति**
- जहां दया वहां धर्म है, जहां लोभ वहां पाप। जहां क्रोध वहां काल है, जहाँ क्षमा वहाँ आप। **-कबीर दास**
- क्षमा करना एक मजेदार चीज है। यह दिल को गर्म कर देती है और चुभन को शांत कर देती है। **- विलियम एम. बोर्ड**
- क्षमा करना बहादुरों का गुण है, माफ करना सीखें। **-इंदिरा गांधी**
- हम सोचते हैं कि क्षमा करना कमजोरी है, क्षमा करने के लिए एक बहुत मजबूत व्यक्ति की आवश्यकता होती है। **-टी.डी. जेक**
- क्षमा करें, यदि आप कभी क्षमा नहीं जानते हैं तो आप उन आशीषों को कभी नहीं जान पाएंगे, जो परमेश्वर देता है। **- रूमी**
- क्षमा करना ईश्वर का आदेश है। **-मार्टिन लूथर**
- क्षमा, प्रेम का अंतिम रूप है। **- रीन होल्ड नीबूर**
- करुणा में बड़प्पन है, सहानुभूति में सुन्दरता है, क्षमा में अनुग्रह है। **-जॉन कोनोली, आयरिश लेखक**
- दूसरों को क्षमा करें, इसलिए नहीं कि वे क्षमा के पात्र हैं बल्की इसलिये कि आप शांति के पात्र हैं। **-जोनाथन हुई**

महत्व : वैश्विक क्षमा दिवस प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। यह व्यक्तियों और समुदायों को उपचार व सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में क्षमा को अपनाने को प्रेरित करता है। इससे आन्तरिक शांति खोजने में मदद मिलती है तथा दयालुता व समझदारी विकसित होती है।

क्षमा से हम विभाजन को पाटने और पुल बनाने के लिए असाधारण क्षमता को महसूस कर सकते हैं। पिछले अपराधों को क्षमा करके, समाज अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हुए, मेल-मिलाप और उपचार की दिशा में एक मार्ग बना सकता है। दुनियाभर में संघर्ष समाधान और शांति स्थापना के प्रयासों में क्षमा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें प्रतिशोध और हिंसा के चक्र को तोड़ने की शक्ति है।

अध्ययनों से साबित हुआ है कि जो लोग क्षमा करते हैं वे क्रोध करने वालों की तुलना में अधिक खुश रहते हैं। जब हम किसी को माफ करने के बारे में सोचते है तो उनके हृदय और तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली तथा प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार होता है तथा कम से कम बीमार होते हैं। विश्व क्षमा दिवस का उद्देश्य है क्षमा की उपचारक शक्ति तथा शांतिपूर्ण जीवन के लिए इसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना। यह दिन हमें याद दिलाता है कि लोगों को क्षमा करने से सभी दर्दनाक पाप घुल जाते हैं और एक नई यात्रा शुरू होती है।

विभिन्न धर्मों एवं धार्मिक साहित्यों में क्षमा के बारे में कथन है:

- सभी प्रमुख धार्मिक परम्पराएं मूलत: एक ही संदेश देती है, वह है प्रेम, करुणा और क्षमा, महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हें हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिये।-**दलाई लामा**
- **यीशु** ने अपने सूली पर चढ़ने के दौरान भगवान से उन लोगों को क्षमा करने के लिए कहा जिन्होंने उसे सूली पर चढ़ाया था।
- **ईसाई** धर्म में क्षमा करना मसीह और साथी विश्वासियों के प्रति समर्पण की अभिव्यक्ति है।
- **इस्लाम** में-अल्लाह अल-गफ्फुर (अक्सर क्षमा करने वाला)

है और सभी क्षमा (गुफारान) का मूल स्रोत है। पश्चाताप के साथ अल्लाह से क्षमा मांगना एक पुण्य है।

- **कुरान और हदीस** में क्षमा करने की सलाह देने वाली अनेक आयतें है।
- जो क्षमा करता है और पुरानी बीती बातों को भूल जाता है। उसे ईश्वर की ओर से पुरस्कार मिलता है। **-कुरान**

बौद्ध धर्म में क्षमा हानिकारक विचारों को किसी के मानसिक स्वास्थ्य पर कहर ढाने से रोकती है। घृणा और दुर्भावना की भावनाएं हमारे मन-कर्म पर स्थाई प्रभाव डालती है। बौद्ध धर्म बदला लेने की नहीं बल्कि 'मेत्ता' (प्रेमपूर्वक दया) और क्षमा का अभ्यास की बात करता है।

हिन्दु धर्म क्षमा को हिन्दु धर्म ग्रन्थों में छह प्रमुख गुणों में माना गया है। ऋग्वेद में, वरुण देवता को समर्पित छंदों में क्षमा की चर्चा की गई है।

रामायण ग्रन्थ में सीता ने राम को उस कोऐं को क्षमा करने को कहा जिसने उसे नुकसान पहुंचाया था।

महाभारत में कहा गया है कि (i) क्षमा ही पुण्य है, क्षमा ही त्याग है, क्षमा ही श्रुति है। क्षमा ही भविष्य के तपस्वी पुण्य की रक्षा करती है, क्षमा की तप है, क्षमा ही पवित्रता है तथा क्षमा से ही जगत का बंधन है। -वन पर्व खण्ड XXIX

(ii) धर्म ही सर्वोच्च भलाई है, क्षमा ही परम शांति है तथा परोपकार ही एकमात्र सुख है। -उद्योग पर्व खण्ड XXXIII

अष्टावक्र गीता: राजा जनक ने जब पूछा कि हे प्रभु, ज्ञान कैसे प्राप्त होता है, मुक्ति कैसी होती है ? तो अष्टावक्र ने उत्तर दिया कि यदि तुम मुक्ति चाहते हो, तो कल्पित वासनाओं को विष के समान त्याग दो तथा क्षमा, अबोधिता, करुणा, संतोष और सत्य को अमृत के समान ग्रहण करों।

संस्कृत ग्रन्थों में क्षमा शब्द को कृपा (कोमलता), दया और करुणा के साथ जोड़ा गया है।

जैन धर्म : धर्म की दस विशेषताओं में से एक है 'क्षमा'। संवतसरी के दौरान पर्यूषण के अंतिम दिन जैन धर्मावलम्बी 'मिच्छामी दुक्कड़म' का उच्चारण करके माफी मांगते हैं। मित्रों और रिश्तेदारों से मिलकर, टेलीफोन से, व्हाट्सएप या मैसेज आदि के माध्यम से जैन लोग इस दिन माफी मांगते हैं। कोई भी निजी झगड़ा या विवाद संवतसरी से आगे नहीं बढ़ाने की परम्परा है। महावीर स्वामी के अनुसार क्षमा मांगने से मन की प्रसन्नता होती है और वह सभी जीवों के प्रति दयालु स्वभाव प्राप्त करता है। इससे चरित्र की शुद्धता और भय से मुक्ति मिलती है। (महावीर उत्तराध्ययन सूत्र 29:17-18)

आप स्वयं अपने कार्यों एवं व्यवहार पर भी मंथन करें। क्षमा दिवस के दिन आप भी क्षमा करने योग्य लोगों की सूची बनाएं। उनसे मिलकर उन्हें क्षमा करें और फिर से मेलजोल का सामान्य व्यवहार बनाए। यह रिश्तों में चमत्कार ला देगा।

- रमेश गैदर

लोकदेवता गोगाजी

राजस्थान के लोकदेवताओं में से एक वीर गोगाजी हैं, जो सर्पदंश के विष से मुक्तिदाता के लिए जन-जन में विख्यात है। इनका प्रमुख धाम (स्थान) गोगामेडी, नोहर, हनुमानगढ़ (राजस्थान) में हैं। यहां गोगाजी की स्मृति में प्रतिवर्ष भाद्रपद मास की कृष्णपक्ष की नवमी को भव्य एवं विशाल मेला भरता है। इस मेले में राजस्थान के अलावा हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल, जम्मू कश्मीर, गुजरात आदि स्थानों से श्रद्धालु गोगामेडी आते हैं। अनेक आस्थावान लोग पैदल संघ में ऊँचे निशान (झण्डे) लेकर गाते-बजाते-थिरकते यहां पहुंचते हैं। कुछ भक्त अपने हाथों में लोहे से बनी सांखलों का गुच्छा लेकर अपनी पीठ पर मारते हैं। ये भक्त ''गूगा की मढ़ाई मढ है'' तथा ''गोगापीर तेरो लग्यो उमावो'' का जयघोष करते हैं।

मेले में यात्रीगण पीले वस्त्र पहनकर आते हैं। इससे गरीब-अमीर-गरीब व जाति-वर्ण का भेदभाव तिरोहित हो जाता है। यह मेला सामाजिक समरसता और सौहार्द को प्रगाढ़ करता है। महिलाएं अपनी ग्रामीण और क्षेत्रियता आधारित वेशभूषा धारण करके आती हैं। इससे राजस्थान रंग-बिरंगी संस्कृति तथा विविधता में एकता का आभास होता है। इस मेले में सामाजिक एकता एवं अखण्डता तथा राष्ट्रीयता की भावना की अभिवृद्धि देखी जा सकती है।

गोगाजी का परिचय : प्रचलित मान्यता के अनुसार 11वीं शताब्दी में वीर गोगाजी का जन्म ददरेवा (चूरू) में वहाँ के शासक राणा जेवर (जीवराज) व रानी बाछलदेवी के यहां भाद्रप्रद कृष्ण नवमी को हुआ था। कहा जाता है कि नाथ पंथ के गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से ही उनका जन्म हुआ था। गोगाजी महान योद्धाओं में गिने जाते थे। अपने पिता के निधन के बाद शासन की बागडोर सम्भाली। उन्होंने अनेक युद्ध लड़े और उनका साम्राज्य हांसी और सतलज नदी तक था। उन्होंने धर्म तथा गोरक्षा के लिए 11 बार मुगलों से युद्ध किए। स्त्रियों के अपमान करने पर उन्होंने अपने मोसेरों भाइयों अर्जुन-सुर्जन को भी मार डाला था। राजस्थान के लोक देवताओं में गोगाजी भी मुख्य देवता के रूप में सम्मिलित हैं।

-शोभिका कुमावत, सवाईमाधोपुर

परिवार : एक परिचर्चा

वर्तमान परिदृश्य में पारिवारिक विघटन चारों तरफ नजर आ रहा है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। परिवार उस के समाज में प्रतिस्थापित होने का पहला चरण है। एक बालक के सभ्य नागरिक बनने के लिए उसके परिवार का मजबूत होना अनिवार्य है। परिवार ही वह स्थान है जहां बालक रूपी कच्ची मिट्टी से एक सभ्य, सुसंस्कृत नागरिक रूपी कलश का निर्माण किया जाता है। परंतु दुर्भाग्य की बात है कि आज उन्हीं पारिवारिक मूल्यों पर विभिन्न प्रकार के कुठाराघात हो रहे हैं।

एक विकसित समाज के निर्माण के लिए उसकी प्राथमिक इकाई परिवार का भी मजबूत और संगठित होना अनिवार्य है। सौभाग्य से मुझे फरवरी, 2024 में ऑल इंडिया रेडियो (AIR) आकाशवाणी जयपुर में इग्नू के अकादमिक काउंसलर के रूप में एक परिचर्चा में भाग लेने का अवसर मिला था जिसमें विषय था; 'परिवार की समसामयिक समस्याएं और सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका'।

वर्तमान की पारिवारिक समस्याओं और उनके कारण, निवारण पर प्रकाश डालते इस परिचर्चा के मुख्य अंश आपके अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। इसमें कार्यक्रम संचालक के प्रश्न और मेरे द्वारा दिए गए उत्तर हैं-

प्रश्न-1 परिवार से आप क्या समझते हैं उसे किस प्रकार परिभाषित करेंगे ?

उत्तर: देखिए, परिवार समाज के सबसे प्राथमिक समूह में से एक है। एक ही घर में निवास करने वाले सदस्य जो विवाह और रक्त संबंधों से आपस में जुड़े होते हैं, परिवार का निर्माण करते हैं। परिवार सार्वभौमिक है। विश्व के प्रत्येक कोने में आपको (फैमिली) परिवार का कोई ना कोई रूप देखने को मिल ही जाएगा। परिवार वित्तीय जरूरत को पूरा करने के साथ-साथ भावनात्मक आधार भी प्रदान करता है।

प्रश्न-2 एक परिवार के मुख्य कार्य क्या होते हैं ? बालक के पालन पोषण में परिवार की क्या भूमिका होती है ?

उत्तर: परिवार के मुख्य कार्यों की बात करें तो सर्वप्रथम संतान उत्पत्ति उनका पालन-पोषण, शिक्षा आदि आते हैं। आगे बढ़े तो सामाजीकरण में परिवार महती भूमिका अदा करते हैं। सामाजीकरण अर्थात बालक को संस्कार देना। समाज में उठने बैठने के तौर तरीके सीखाना। सामाजिक विरासत का हस्तांतरण करना यह सभी कार्य परिवार द्वारा ही किए जाते हैं। साथ ही बालक की धार्मिक पृष्ठभूमि तैयार करना, मनोवैज्ञानिक धरातल पर उसमें संस्कार मूल्य आदि के प्रति आस्था जागृत करना, जिज्ञासा, तर्क आदि का विकास करना भी परिवार से ही सीखा जाता है।

जब एक छोटा बालक अपने दादाजी को पूजा करते हुए, भोजन करने से पहले ईश्वर का स्मरण करते हुए और अनुशासित जीवन जीते हुए देखता है। तो कहीं ना कहीं इन गुणों का विकास उसमें स्वयं में भी हो रहा होता है। एक तरह से देखा जाए तो एक सभ्य, सुसंस्कृत नागरिक बनने का कोचिंग सेंटर या प्रशिक्षण स्थल परिवार ही होता है।

भावनात्मक सुरक्षा चाहें बालक हो या वृद्ध उसे प्रदान करने का कार्य भी परिवार ही करता है। इसलिए ही तो कहा जाता है-

हर मर्ज का इलाज नहीं दवा खाने में
कुछ दर्द चले जाते हैं परिवार के साथ मुस्कुराने में

प्रश्न-3 परिवार के विकास के विभिन्न चरण क्या होते हैं ?

उत्तर: परिवार का विकास तीन चरणों में होता है। (अर्ली स्टेज) प्रारंभिक अवस्था इसमें विवाह और संतान उत्पत्ति होती है । यह दो समझदार स्त्री पुरुष का विवाह बँधन से जुड़ नए संसार में कदम रखने की अवस्था होती है।

फिर आती है (मिडिल स्टेज) माध्यमिक अवस्था यह उम्र का सबसे अधिक व्यस्तता का दौर होता है। इसमें बच्चों की शिक्षा-दीक्षा फिर उनका कैरियर आता है। बच्चें आत्मनिर्भर हो जाते हैं, और धीरे-धीरे माता-पिता से दूरी बनाना शुरू कर देते है। इस अवस्था के शुरू में जहाँ माता-पिता अति व्यस्त रहते हैं वहीं अवस्था के अंत तक एक शिथिलता सी जीवन में आने लगती है।

(लास्ट स्टेज) अंतिम अवस्था, यह जीवन का संध्या काल है। जब माता-पिता रिटायरमेंट की जिंदगी प्रारंभ करते हैं। उनकी आर्थिक भूमिका कम हो जाती है। वे फिर से वे दो ही रह जाते हैं। अर्थात जहां से सफर शुरू हुआ था, वहीं आकर समाप्त हो जाता है।

प्रश्न-4 बहुत अच्छे!! आपने बहुत बारीकी से परिवार के स्वरूप का उद्घाटन किया। अब यह बताइए कि आज के दौर में हमें सब जगह संयुक्त परिवार टूटते नजर आ रहे हैं। एकल परिवार में भी विघटन नजर आने लगा है। परिवार जो कि भारत के सामाजिक ढांचे का मूल आधार है वह भी अब दरकने लगा है। इसके पीछे के कारण को जरा विस्तार से समझाइए।

उत्तर: यह आपने बिल्कुल सही कहा। हम तो वसुधैव कुटुंबकम को मानने वाले लोगों में से हैं। परंतु आज हमारे ही भारत

में गांव से लेकर शहरों तक परिवार के टूटने की समस्या उत्पन्न होने लगी है।

सामाजिक दृष्टिकोण से देखें तो पिछले कुछ दशकों से भारत में भारी बदलाव आया है । उदाहरण के लिए औद्योगिकरण और तकनीकी विकास ने हमारी अर्थव्यवस्था को ऊंचाइयां तो प्रदान की है परंतु वहीं इसके कारण (माइग्रेशन) प्रवास की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव से नगरों में और नगरों से महानगरों में नौकरी के कारण घर के युवा वर्ग को प्रस्थान करना ही पड़ता है। आज गांव हो या शहर घरों में अकेले बुजुर्ग दम्पति का मिलना सामान्य बात है।

संयुक्त परिवार की चहचहाट से गुंजायमान रहने वाला घर का आंगन अब सूना रहने लगा है। दोष किसी का नहीं। बेहतर जीवन की तलाश में निकले युवा वर्ग को अपना भविष्य संवारने का पूरा हक है। परंतु इस सबसे परिवार का ढांचा हिल जाता है।

एक अरसे से मुझको कहीं नजर नहीं आए
बच्चे जब से कमाने लगे
कभी घर नहीं आए..!!
मेरी हालत देखकर सोचता है
वह परिंदा भी
अच्छा हुआ कि
मेरे बच्चों के पर नहीं आए.. !!

परिचर्चा काफी बड़ी थी। यहां कुछ अंश ही अभी मैंने लिखे हैं बाकी फिर कभी।

इस परिचर्चा में हमने देखा कि एक परिवार का हमारे जीवन में कितना महत्व है। मनुष्य से परिवार और परिवार से समाज की इस कड़ी में परिवार का संगठित रहना अति आवश्यक है। कुमावत समाज के विकसित और संगठित रहने में भी हमारे अपने परिवारों का पूरा योगदान मिलना चाहिए। आज आवश्यकता है कि हम अपने परिवार को उचित संस्कार और मूल्य प्रदान करें ताकि भावी पीढ़ी एक सभ्य समाज का निर्माण कर सके।

जहां सूर्य की किरण हो
वही प्रकाश होता है
और
जहां प्रेम की भाषा हो
वही परिवार होता है

-डॉ प्रिया मारवाल, Asst. Professor

उदारता

बहुत समय के पूर्व की घटना है। संस्कृति के महाकवियों में कालिदास, भारवि, भवभूति की श्रेणी में महाकवि माद्य का नाम भी खूब अवलोकित है। अपने असाधारण जीवन में उन्हें अपनी पत्नी का सम्पूर्ण साथ मिला। यह प्रसंग उस समय का है है जब वे अपना महाकाव्य लिख रहे थे। एक दिन अपने छोटे-से कक्ष में महाकवि काव्य रचना में तल्लीन थे। सामने एक छोटा-सा दीपक टिम-टिमा रहा था। किसी किसी ने द्वार पर दस्तक देकर उनकी तन्मयता भंग की। वे उठे, द्वार खोला। देखा, एक दीन-हीन व्यक्ति हाथ जोड़े खड़ा है। वह बोला—**'आपकी उदारता सुनकर आशा लेकर आया हूँ। बेटा बहुत बीमार है, पर उसके उपचार के लिये मेरे पास फूटी कौढ़ी भी नहीं है। कृपा करके मेरी सहायता करें।'** महाकवि के सामने धर्म संकट खड़ा हो गया। पास में कुछ भी तो नहीं है, जो दिया जा सके। क्या करें। याचक करबद्ध खड़ा है। कैसे मदद की जाए ? तभी उन्हें एक उपाय सूझा। उन्होंने सोई हुई पत्नी पर नजर डाली। धीरे-धीरे पग रखते उसके पास पहुँचे और चुपके से एक कंगन निकाल लिया। याचक यह सब देख रहा था। महाकवि उस कंगन को याचक को देने के लिये आगे बढ़े ही थे कि पीछे से आवाज गूँजी-**'ठहरिये'**। महाकवि ने पीछे मुड़कर देखा। उनका शरीर सिहर उठा-कहीं उनकी पत्नी इनकार न कर दे और याचक को दुत्कार न दे। वे कुछ सफाई देने ही वाले थे कि पत्नी ने उस निर्धन व्यक्ति की तरफ जाकर उससे कहा—**'भाई ठहरो, इन्हें तो व्यावहारिक ज्ञान है ही नहीं। एक कंगन से आपका काम नहीं होगा—आपके बेट का उपचार नहीं हो पाएगा, इसलिये दूसरा कंगन भी लेते जाओ।'** यह कहकर उनकी पत्नी ने अपना दूसरा कंगन भी उसे दे दिया।

भारत की महिला शक्ति मानव धर्म को भली-भांति समझती है तथा जरूरतमंद को अपने कीमती आभूषण देकर मदद करना अपना धर्म समझती है। **- प्रो. बी.के. कुमावत, उज्जैन**

JEE(Main) में 99.26 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

हार्दिक कुमावत पुत्र श्री हेमेन्द्र सिंह कुमावत ने जेईई (मैन) में 99.26 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज का नाम गौरवान्वित किया है। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक कुमावत को हार्दिक बधाई।

संजीव वर्मा भाजपा ओबीसी मोर्चा अजमेर प्रभारी नियुक्त

संजीव वर्मा को पुन: अजमेर का भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

बहुत-बहुत बधाई।

व्यापार-उद्योग में दृष्टिकोण परिवर्तन

व्यापार-उद्योग में व्यस्त रहते हुए हम सहज जीवन जी सके, हल्केपन का अनुभव कर सकें, इसके लिए हमें दृष्टिकोण में परिवर्तन करना जरूरी है तथा समस्या रहित व्यापार के लिए रचनात्मक साधन और आध्यात्मिक प्रज्ञा का साथ होना जरूरी है।

व्यापार और व्यवहार में जब कभी कोई समस्या आती है तो हम उसका समाधान बाहर ढूंढ़ते हैं परंतु कई समस्याओं का कारण हम स्वयं ही होते हैं इसलिए पहले हमें स्वदर्शन कर अपने अंदर से समाधान ढूंढ़ना चाहिए।

परिस्थिति या व्यक्ति को बदलने में बहुत राह देखनी पड़ती है क्योंकि वे हमारे कंट्रोल में नहीं हैं, हम स्वयं पर कंट्रोल सहज कर सकते हैं। इससे हम कम समय में बड़ा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं तथा न उलझेंगे, न तनावग्रस्त होंगे।

व्यापार में जब हम निष्फल होते हैं तो बहुत जल्दी डर जाते हैं लेकिन आध्यात्मिकता सिखाती है कि उस समय हमें अपने आप में धीरज और आत्मविश्वास धारण करना चाहिए। कई बार उस निष्फलता की परिस्थिति में जल्दी परिणाम पाने के निर्णय, और ही भूलों को जन्म देते हैं। इसके बजाय उस समय हम बहुत सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर निर्णय लेते हैं तो टिकाऊ परिणाम पा लेते हैं। व्यापार में मंदी की स्थिति है तो उस समय हमारे में सयानापन हो, समझदारी से काम लेना जरूरी है। अगर व्यापार अच्छा है तो हमारे में संतुष्टता हो। अति लोभ, पाप का मूल है और अनर्थ को न्योता देता है।

व्यापार-उद्योग करके अति धन कमाने की अक्सर हमारी वृत्ति रहती है लेकिन धन के प्रति भी दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता है। धन कमाकर जमा करते जाने से लोभ बढ़ता जाता है और भय भी बढ़ता है परंतु धन को सही दिशा में लगाने से धन सलामत भी हो जाता है और फायदा भी होता है। व्यापार और उद्योग क्षेत्र में कारोबार प्रति सोचें भी और योग्य प्रदर्शनकारी रणनीति को अख्तियार भी करें। संबंधों में समझदारी से काम लें, चाहे कार्यक्षेत्र के संबंधों में, चाहे पारिवारिक संबंधों में और हर बात में उमंग-उत्साह की रणनीति अपनाएं। स्वयं की क्षमता और कमजोरियों का भी कर्मक्षेत्र पर प्रभाव पड़ता है। स्वयं के जिम्मेवार बनकर, स्व के उर्ध्वगामी परिवर्तन की रणनीति अपनाएं।

व्यक्ति से समष्टि बनती है इसलिए व्यापार जगत के वातावरण को सही बनाने के लिए, हर व्यापारी को स्वयं अपने विचारों में, वृत्ति में, व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन करने की जरूरत है। व्यवहारिक और व्यवसायिक जगत में मूल्यों को धारण करने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन की नींव बनाना है। आध्यात्मिक बनना अर्थात् शांति, अंतर्मुखता, उच्च विचार और आत्मसम्मान को अपनाना है।

-ज्ञान गंगा

26वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया

मंदिर श्री कल्याणजी एवं बगीची हनुमानजी-महादेवजी, सुन्दर का बास, नमक की मण्डी का **26वां पाटोत्सव 13 जून 2024** को धूमधाम से मंदिर प्रांगण में मनाया गया। पाटोत्सव कार्यक्रम में दोपहर 2.15 बजे से बगीची हनुमानजी-महादेवजी में 56 भोग की झांकी जन सहयोग से सजाई गई। उसके बाद मंदिर प्रांगण में सुन्दरकाण्ड किये गये। सायं 6.15 बजे मंदिर श्री कल्याणजी में 56 भोग की झांकी जन सहयोग से सजाई गई तथा मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। ट्रस्ट मंदिर के सदस्यों सहित समाज बन्धुओं तथा स्थानीय निवासियों ने सुन्दरकाण्ड व भजन संध्या का आनन्द लिया। इस अवसर पर इंदिरा बाजार चौकी इंचार्ज श्रीमान् छुट्टन लाल जी का स्वागत भी ट्रस्ट सदस्यों द्वारा किया गया। तत्पश्चात् मंदिर श्री कल्याणजी में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नारायण लाल सिरोहिया, इन्दर सिंह बावला, अशोक बासनीवाल, प्रेम लोट्या, प्रभु सिरस्वा, सुरेन्द्र कुलचानियां, राजकुमार जालवाल, राजसिंह भदानिया, गगन तोंदवाल, संजय तोंदवाल, शशीकान्त अनावडिया उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ट्रस्ट अध्यक्ष नारायण लाल सिरोहिया तथा संरक्षक इन्दर सिंह बावला ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

देवास में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

16 जून 2024 को भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा जिला देवास के तत्वावधान में कुमावत समाज की धर्मशाला गांव भोंरासा जिला देवास में विधायक राजेश सोनकर, लीलाधर दौराया प्रदेश अध्यक्ष भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा मध्यप्रदेश, धर्मेंद्र कुमावत जिला अध्यक्ष भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा देवास, विजय कुमावत अध्यक्ष क्षत्रिय कुमावत समाज भौरासा, प्रदीप कुमावत जिला महामंत्री भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा देवास, शेखर कुमावत जिला संगठन मंत्री भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा देवास, नेमीचंद कारवाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा मध्यप्रदेश व कुमावत समाज के पदाधिकारियों एवं युवा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मनीष जी दया, श्रीराम कुमावत पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा देवास व सैकड़ों समाजजनों की उपस्थिति में 75 से अधिक कुमावत समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसके अंतर्गत 10 वीं, 12वीं बोर्ड व सी.बी.एस.सी.परीक्षा में 75% से अधिक अंक से उत्तीर्ण प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों, समाज के जनप्रतिनिधियों, नीट, जेईई व अन्य प्रतियोगिता परीक्षा में अच्छे अंक लाने प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के समाज के खिलाड़ियों व शासकीय सेवा में जिनका चयनित 2021 के बाद हुआ उन समाजजनों को प्रशस्ति-पत्र, शील्ड व कुमावत समाज का दुप्पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चाय-नाश्ते व सहभोज का आयोजन रखा गया था।

– नेमीचंद कारवाल

संदीप चंगेडीया नगर पालिका एवं नगर परिषद कल्याण संघ इंदौर संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्त

मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री जमना सेन ने नगर पालिका एवं नगर परिषद कल्याण संघ, इंदौर संभाग अध्यक्ष पद पर संदीप चंगेडीया को नियुक्त किया है। इनकी इस नियुक्ति पर सेठ गजानंद डूंगरवाल अध्यक्ष सेवा सहकारी संस्था साँवेर, नेमीचंद कारवाल मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा साँवेर, पवन भदानिया, अनिल नागोरा, मनोहर कारवाल, मुरारी ओस्तवाल, राजेश मंडलिया विनोद मंदनिया आदि समस्त समाजजनों ने मुंह मिठाकर शुभकामनाएं दी।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से भी श्री संदीप चंगेडीया को नगर पालिका एवं नगर परिषद कल्याण संघ, इंदौर संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर बधाई।

गौतमपुरा कुमावत समाज चारभुजानाथ मंदिर कार्यकारणी घोषित

26.5.2024 को श्री चारभुजा नाथ मंदिर गौतमपुरा जिला इंदौर मध्यप्रदेश में सूरजमल जी अडाणिया राष्ट्रीय महामंत्री कुमावत समाज, रामेश्वर जी खटोड़ पटेल साहब, गोपाल जी गोठवाल इंदौर वाले के सानिध्य में सर्व कुमावत समाज की सर्वसम्मति से घनश्याम जी सिरोठा गिरोता वाले को अध्यक्ष पद पर, बंटी जी कुमावत ओसरा वाले को उपाध्यक्ष पद पर, सत्यनारायण जी मरमट फुलान वाले को कोषाध्यक्ष के पद पर और गिरवर जी चोरमा काकवा वाले को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।

पुलिस उप निरीक्षक रामचन्द्र कुमावत को उत्कृष्ट सेवा के लिए डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया गया है। बधाई!

कक्षा 10वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई

ऋषिता तुनवाल
99.30%

अनुष्का कुमावत
99.00%

रीतिका कुमावत
98.00%

दीपिका कुमावत
98.00%

विजेन्द्र कुमावत
97.50%

ईशिका कुमावत
97.50%

हर्षिता कुमावत
97.00%

हर्षिता कुमावत
96.50%

सुमित कुमावत
96.20%

वर्षा कुमावत
96.00%

तनिक्षा कुमावत
96.00%

अक्षय कुमावत
96.00%

निशा कुमावत
95.70%

प्रिया कुमावत
95.30%

आदित्य कुमावत
95.20%

कशिश कुमावत
95.00%

लेशिका कुमावत
94.30%

प्रतीक कुमावत
94.00%

करन कुमावत
93.80%

दिया वर्मा
93.80%

निशिका कुमावत
93.70%

निर्मल कुमार कुमावत
93.70%

कविता कुमावत
93.20%

तेजस मारवाल
93.00%

कनिष्का कुमावत
92.83%

वैदिक कुमावत
92.80%

तनिष्का कुमावत
92.70%

अतुल कुमावत
92.50%

भूमिका कुमावत
92.30%

नरेन्द्र कुमावत
92.20%

मेघा कुमावत
92.00%

कनिका कुमावत
91.70%

गणेश कुमावत
91.70%

शिवांश कुमावत
91.50%

साक्षी कुमावत
91.50%

अकुल कुमावत
91.50%

देवेन्द्र कुमावत
91.20%

परम कुमावत
91.00%

स्वाती कुमावत
90.70%

त्रिवण कुमावत
90.70%

चेतन कुमावत
90.30%

अमन कुमावत
90.20%

समीक्षा कुमावत
90.00%

पुलकित कुमावत
90.00%

तन्नू कुमावत
90.00%

सलोनी कुमावत
90.00%

अवंतिका कुमावत
89.80%

प्रियांशी कुमावत
89.67%

सोहन पाल कुमावत
89.50%

कल्पना कुमावत
89.50%

कोमल कुमावत
89.00%

साक्षी बालोदिया
88.80%

भींवाराम कुमावत
88.67%

धनराज नीमीवाल
87.20%

जैसमीन कुमावत
85.00%

परिहान कुमावत
83.50%

रोहिणी कुमावत
83.30%

पलक कुमावत
83.30%

कनिष्का कुमावत
83.00%

भारती कुमावत
82.00%

अजय कुमावत
81.70%

हिमानी कुमावत
81.20%

जया कुमावत
81.00%

कक्षा 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई

प्रदीप कुमावत
99.40%

दिक्षा कुमावत
99.00%

शालिनी कुमावत
99.00%

पायल कुमावत
98.80%

कोमल कुमावत
98.40%

युवरानी कुमावत
98.20%

ललित कुमावत
97.80%

कोमल कुमावत
97.60%

पायल कुमावत
97.40%

रूद्राक्षी कुमावत
96.00%

प्रियांशी कुमावत
96.00%

निखिल कुमावत
96.00%

उत्कर्ष कुमावत
95.80%

प्रियंका कुमावत
95.00%

दिनेश कुमावत
95.00%

सचिन कुमावत
94.80%

बीनू कुमारी
94.20%

निशा कुमावत
94.20%

जेसिका कुमावत
94.20%

तुषार कुमावत
94.00%

गुंजन कुमावत
94.00%

द्विंकल कुमावत
93.40%

लक्षिता कुमावत
93.40%

अंशिकाअनुष्का कुमावत
93.20%

मिमांसा कुमावत
93.00%

इंदु कुमावत
93.00%

चंचल कुमावत
93.00%

अंशुल कुमावत
93.00%

रवी कुमावत
92.40%

हरीओम कुमावत
92.20%

हेमराज कुमावत
92.00%

मुस्कान कुमावत
92.00%

